तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 4 नवंबर 2024

9 उत्साह के साथ मनाया गया भाई दूज

10 श्री कृष्ण और सहाड़ादेव की पूजा कर गांव की सुख...




# अखाड़ा में कला व कौशल का अनोखा प्रदर्शन कर दर्शकों को किया रोमांचित

## मातर मड़ाई में लाठी, तलवारबाजी, और दांव-पेंच का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

यादव समाज द्वारा नगर पंचायत कोपरा के पैरी नगर में इस वर्ष भी परंपरागत मातर मड़ाई का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के अंचलों से भी बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए और आयोजन की भव्यता ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन का मुख्य आकर्षण जय अखरा देव अखाड़ा परिवार के सदस्यों द्वारा प्रदर्शित साहसिक करतब थे, जिन्होंने अपनी कला और कौशल का अनोखा प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

जय अखरा देव अखाड़ा परिवार के कलाकारों ने अपने हैरतअंगेज करतबों से न केवल पारंपरिक खेलों और लोककला को सजीव किया, बल्कि अपनी अद्भुत शारीरिक क्षमताओं का प्रदर्शन कर सबको अचंभित भी किया। उन्होंने कई जोखिमभरे करतब दिखाए, जिन्हें देखकर लोगों का जोश बढ़ गया। उनके करतबों में लाठी, तलवारबाज़ी, और दांव-पेंच के अद्वितीय प्रदर्शन ने उपस्थित जनसमूह को तालियों की गड़गड़ाहट से भर दिया। यादव समाज द्वारा आयोजित इस मातर मड़ाई कार्यक्रम में धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता के साथ-साथ लोगों के बीच सामूहिकता और भाईचारे का संदेश भी देखने को मिला। आयोजकों ने कार्यक्रम की साज-सज्जा, सुरक्षा व्यवस्था, और सांस्कृतिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया, जिससे कार्यक्रम में आए सभी दर्शक सहजता और उत्साह के साथ सहभागी बने रहे। कार्यक्रम के दौरान यादव समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने समाज के योगदान, परंपरा और स्थानीय संस्कृति के महत्व पर विचार रखे, जिसे सुनकर लोग अपने गौरवपूर्ण सांस्कृतिक इतिहास से जुड़ाव महसूस कर सके।



### सांस्कृतिक नृत्य व गीतों की दी प्रस्तुति

इसके अलावा, मातर मड़ाई में क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की और आयोजन की सराहना की। सभी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजकों और यादव समाज के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। समापन के अवसर पर प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक नृत्य-गीतों का आयोजन भी किया गया, जो इस भव्य मातर मड़ाई कार्यक्रम को यादगार बना गया। इस प्रकार, इस वर्ष का मातर मड़ाई न केवल कोपरा नगर पंचायत के लिए बल्कि समूचे अंचल के लिए एक विशेष सांस्कृतिक अनुभव साबित हुआ।



## खबर संक्षेप



### धान कटाई में आई तेजी नहीं मिल रहे हैं मजदूर

**मैनपुर।** जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में दीपावली पर्व के बाद रविवार से धान कटाई कार्य तेज हो गया है। धान कटाई कार्य अब जोर पकड़ेगा लेकिन क्षेत्र में मजदूर नहीं मिल रहा है। साथ ही मौसम के उतार चढ़ाव से किसान परेशान नजर आ रहे हैं। खेत में खलियान की साफ- सफाई का कार्य तेज गति से चल रहा है ताकि किसान धान के भीड़े को खरही के रूप में खलियान में सुरक्षित रख सके। आज से मैनपुर क्षेत्र में धान कटाई का कार्य प्रारंभ हो गया हैं।

### एक्सीडेंट से मौत के मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बोईरडीह के पेट्रोल पंप के पास बीते महीने हुए एक्सीडेंट से मौत के मामले में मर्ग जांच के बाद बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 21 अक्टूबर को मृतक मिलन धुवल पिता आनंद धुवल (22 साल) प्यारीदादर, राजपुर अपनी मोटर सायकल क्र. सीजी 06 डी 3794 से रात करीब 7.30 बजे चनौरडीह से अपने घर ग्राम प्यारीदादर राजपुर जाने के लिए निकला था और अपने मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर स्वयं के द्वारा ग्राम बोईरडीह मेन रोड पेट्रोल पंप के पास मोड़ में एक्सीडेंट कर दिया, एक्सीडेंट से आई चोट के कारण इलाज के दौरान जगदीशपुर अस्पताल मिलन धुबल की मौत हो गई। मामले में धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### ट्रैक्टर और थ्रेसर मशीन में अज्ञात व्यक्ति ने लगा दी आग

**नर्रा।** झिटकी गांव में अन्नकूट गोवर्धन पूजा यानी शनिवार की रात में ट्रैक्टर व थ्रेसर मशीन को अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। जिससे पीछे का टायर व थ्रेसर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम झिटकी के किसान एन कुमार साहू ने बताया कि घर से लगे कोठार में ट्रैक्टर के साथ थ्रेसर मशीन रखा हुआ था। उन्होंने ये भी बताया कि ट्रैक्टर खरीदे लगभग चार से पांच माह हुआ है। रात में घर के दरवाजे बंद थे। आगे से सांकल लगाकर आग लगाया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि आपसी रंजिश के चलते व चालाकी के साथ डीजल व पेट्रोल छिड़ककर जला दिया गया होगा। इस घटना में ट्रैक्टर के पीछे के दोनों टायर और इंजन और थ्रेसर के सामने के टायर जलकर खाक हो गए।

**हादसा :** शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा

# डांस स्पर्धा देखने गए युवक की ओडिशा में सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दुरस्त वानांचल ग्राम भुतबेड़ा निवासी युवक नुतन नेताम दीपावली शुक्रवार की रात डीजे डांस प्रतियोगिता देखने के लिए नयापारा गौरगांव गया था वहां से युवक अचानक ओड़िशा चला गया जो छत्तीसगढ़ सीमा से महज चार-पांच किलो मीटर दूर ओडिशा के हथगांव में सड़क दुर्घटना से मौत होने की खबर से पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया। उक्त घटना की पुष्टी शोभा थाना द्वारा भी किया गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भुतबेड़ा निवासी नुतन मरकाम उम्र 23 वर्ष

■ मामले की जांच में ओडिशा पुलिस जुटी

दीपावली की रात शुक्रवार को डांस प्रतियोगिता देखने के लिए मोटर सायकल से गौरगांव नयापारा गया था लेकिन सुबह उसकी शव ओड़िशा के हथगांव में मिला प्रारंभिक दृष्टी से मोटर सायकल में दुर्घटना में युवक की मौत होना बताया जा रहा है। इस मामले की जांच ओडिशा पुलिस द्वारा किया जा रहा है। युवक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। यहां पर यह सवाल उठ रही कि क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में हमेशा सक्रिय रहने वाला युवक डांस प्रतियोगिता देखने के लिए गौरगांव नयापारा गया था वहां से युवक 4 किलो मीटर दूर ओड़िशा क्यों गया था और किसके कहने पर गया था यह जांच का विषय है।

## दो बाइक आपस में टकराईं, एक का पैर टूटा, दूसरा गंभीर

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में रविवार को इंदागांव थाना अन्तर्गत दो मोटर सायकल आपस में टकरा गया। जिससे मोटर सायकल में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए घायल युवको को संजीविनी एक्सप्रेस के माध्यम से मैनपुर सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र लाया गया जिसमें एक युवक की पैर टूट गया और एक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवकों का प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया है। वहीं दूसरी ओर एक अन्य मोटर सायकल दुर्घटना में विश्वमित्र खरसैल धरमगढ़ थबिरा बाघ जयपटना निवासी घायल हो गए जिनका उपचार मैनपुर अस्पताल में किया जा रहा है।





### बच्चे के हाथ में फूटा फटाखा

मैनपुर क्षेत्र के रामपारा निवासी भानु उम्र 13 वर्ष आज अपने घर के सामने सुबह फटाखा फोड़ रहा था और उनके हाथ में फटाखा फूट गया। जिससे बच्चा घायल हो गया। घायल बच्चे का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है।

# दिवाली पर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर शिक्षकों ने मांगी पूर्ण सेवा गणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के द्वारा 1 नवंबर को पूर्व सेवा गणना के नाम दीप जलाने का अनोखा प्रदर्शन किया गया, जिसके तहत चौक चौराहे में दीप प्रज्वलन समूह में दीप प्रज्वलन और घर–परिवार के बीच दीप प्रज्वलन कर, मेहंदी लगाकर पूर्व सेवा करना की मांग, रंगोली बनाकर पूर्व सेवा गणना की मांग और इसी प्रकार से अनोखे प्रदर्शन कर एल बी संवर्ग के शिक्षकों ने अपने प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा गणना की मांग को सरकार व शासन तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचाया।

ज्ञात हो संविलियन के बाद से सेवा गणना किए जाने के कारण एल बी संवर्ग के शिक्षकों की सालों की सेवा शून्य घोषित के कर दी गई है। जिसकी वे लगातार मांग करते जा रहे हैं इसी कड़ी में 1 नवंबर को ट्विटर, व्हाट्सएप्प, इंस्टाग्राम, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया के सहारे अपनी मांग को उन्होंने आगे बढ़ाया। प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा गणना किए जाने से सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर होगी, पुनरीक्षित वेतन के समय जो त्रुटि की गई उसमें 1.86 के गुणांक पर वेतन का निर्धारण होगा प्रदेश के समस्त शिक्षा कर्मियों शिक्षकों को क्रमोन्नति और समयमान वेतनमान मिलेगा,प्रदेश के रिक्त समस्त पदों पर पदोन्नति होगी,प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा करना के जाने पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान होगा, प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा करना किए जाने पर न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा में शिक्षक पेंशन के दायरे में आएंगे साथ ही साथ लंबित महंगाई भत्ता व देय तिथि से महंगाई भत्ता की एरियर राशि देने की मांग को लेकर प्रदेश के शिक्षकों ने दीप जलाकर शिक्षकों के जीवन में उजियारा प्रवेश करें। इस उद्देश्य को लेकर सभी क्षेत्रों में जोरदार प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को सरकार और शासन तक विभिन्न माध्यमों से पहुंचाया। इस कार्यक्रम में बस्तर संभाग, दुर्ग संभाग, रायपुर संभाग, बिलासपुर संभाग सहित सरगुजा संभाग के पदाधिकारी और साथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एक दीप पूर्व सेवा गणना के नाम में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा सह संयोजक सुधीर प्रधान, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी,मनोज सनाढ्य, शैलेंद्र पारीक, पूरन लाल साहू, यशवंत बघेल, विनोद सिन्हा, जिला संयोजक परमेश्वर निर्मलकर, भुवन यदु, गिरीश शर्मा, टिकेंद्र यदु, नंदकुमार रामटेके, लता ध्रुरव, गीता शरणागत, घनश्याम दिवाकर, दिनेश्वर साहू, दिनेश निर्मलकर ब्लाक संयोजक हुलस साहू, जितेन्द्र सोनवानी, संतोष साहू, गोविंद पटेल, धवलेश्वर बहरा, किरण साहू, प्रहलाद मेश्राम, डगेश्वर ध्रुव, सुरेश केला, संजय यादव सहित पूरे प्रदेश के पदाधिकारी व 33 जिला के अध्यक्ष सहित विकासखंड अध्यक्ष और सक्रिय ▶▶| शेष पेज 8 पर

# यादव समाज ने मनाया मातर, की गायों की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

अंचल के ग्राम चैतरा में भाई दूज, मातर पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया। मातर को लेकर यादव समाज के द्वारा रावत नाचा का जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मैदान में भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना कर खीर प्रसाद वितरण किया। वहीं पर यादव समाज के द्वारा दोहा, बैरग देवी देवता पूजा किया गया। इस अवसर पर समस्त ग्राम वासी के उपस्थित हुए। जिसमें ग्राम के प्रमुख सरपंच संजय कण्डरा, लीलाराम, रमेश नारायण, प्रदीप, तुलसी कार्तिक दाऊलाल, ताराचंद साहू, चोवा खुटे, भगवान दास, टंकेश्वर साहू, मुन्ना लाल साहू, सियाराम यादव, खोरबाहर, रजन यादव, तुलश यादव, पीलूराम हरदेव, विष्णु, यादव, सत्यनारायण यादव जगमोहन यादव, वसुदेव यादव, रोहित यादव, त्रिभुवन यादव, भोला यादव आदि कार्यकम को सफल बनाने में लगे रहे। यह जानकारी दिव्यांग संघ के जिलाध्यक्ष जागेश्वर साहू ने दिया।



# भेण्डरी में गौरा-गौरी का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी

ग्राम भेण्डरी में दीपावली पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। ग्राम परंपरा और संस्कृति के अनुसार गौरा-गौरी की पूजा की गई। शोभायात्रा निकालकर बाजे-गाजे के साथ विसर्जन किया गया। गौ माता को छप्पन भोग खिचड़ी खिलाकर गौधन का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। शाम को गौठान में बाजे-गाजे से यदुवंशियों एवं किसानों द्वारा पूजा-अर्चना की गई एवं एक-दुसरे के मस्तक पर गोबर का टीका लगाकर बाधाई दी गई। गांव में मातर मड़ई का आयोजन हुआ जिसमें बजरंग अखाड़ा समिति द्वारा बाजार चौक में एक से बढ़कर एक करतब दिखाते हुए दर्शको का मनोरंजन ▶▶| शेष पेज 8 पर



## गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में पहुंचे विधायक जनक

# गौ माता की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम : ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 11 किलो मीटर दूर ग्राम धवलपुर में रविवार को समस्त यादव समाज द्वारा गोवर्धन उत्सव पर्व धुमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल होने मुख्य अतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव पहुंचे तो आतिशबाजी करते हुए जोरदार स्वागत किया गया।आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने कहा यादव समाज द्वारा प्रतिवर्ष यहां गोवर्धन पूजा पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से समाज में एकता और भाईचारा बनी रहती है। उन्होने कहा यादव समाज गौ रक्षा के क्षेत्र में जो कार्य कर रही है वह अपने आप में मिशाल है गौ माता की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का काम है। सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने कहा गोवर्धन पूजा गौवंश की पूजा आराधना के साथ ही गौवंश की सुरक्षा सेवा का संकल्प लेने का पर्व है गौमाता के सेवा से गौरावित होता है उन्होने कहा यादव समाज के लोगो को अब अपने बच्चो की शिक्षा पर और ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। इस मौके पर एस पी तिवारी, नथन यादव, बजरंग यादव, मनीराम यादव, हबीब मेमन, तातुराम यादव, रामसिंह यादव, केदार दाउ, रामलाल निषाद, सीरीश कुमार, गिरधारी पटेल, ओंकार सिंन्हा, रोहिदास यादव महेश यादव, टीके देवसर, झुमुक यादव, धनु यादव, चेतन यादव, सुखदेव यादव, लखनगिरी गोस्वामी, हेमलाल बारले, सान्तु यादव, रोहित यादव, सहित हजारो की संख्या में लोग उपस्थित थे।




### राउत नाचा, लाठी चाल व अखाड़ा का प्रदर्शन

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान राउत नाचा, लाठी चाल, अखाड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश यादव समाज के अध्यक्ष रमेश यदु विशिष्ठ अतिथि जिला पंचायत सभापति धनमति यादव, लोकेश्वरी नेताम, वनसभापति जनपद पंचायत चंदा बारले, राधाकृष्ण मंदिर की पुजारी आर्चाय पंडित श्यामाप्रसाद मिश्रा, सरपंच धवलपुरडीह नारद ध्रुव, जनपद सदस्य रामसिंह नेताम, सरपंच जंगल धवलपुर बिम्बेश्वरी ठाकुर, सरपंच मोंहदा महेन्द्र नागेश, सरपंच मर्दाकला सावित्री सोरी, सरपंच दबनई घनश्याम नागेश, सरपंच घटौद किर्ति कपिल, सरपंच बेगरपाला मनराखन, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, बजरंग यादव, हेमलाल यादव व क्षेत्र के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

### घरों के बाहर बनाई आकर्षक रंगोली

पाटसिवनी (पिपरहट्टा)। नवापारा (भैरा)में दिपो का त्योहार दिवाली पर महिलाओं ने आकर्षक रंगोली बनाया। मुहल्ले, बस्ती, निजी आवास सहित सभी जगहों पर दीपावली पर उत्साह का माहौल रहा। हर जगह दीपों की रौशनी जगमग रही। जमकर आतिशबाजी की गई। आतिशबाजी से आसमान गूंजता रहा। लोगों ने घरों में रंगोली बनाया।



पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### प्रकाश मुनि के आश्रम पर हमला, रासुका लगाने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलनकारी, छसपा, छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने दामाखेड़ा स्थित प्रकाश मुनि के आश्रम पर हमले के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी तथा रासुका लगाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे सहित पदाधिकारियों ने प्रकाशमुनि नाम साहेब दामाखेड़ा जिला बलौदाबाजार आश्रम पर हुए हमले की निंदा करते हुए कहा कि लगातार प्रदेश में हत्या, हमला, डकैती, नशाखोरी, सट्टा, जुआ, वेश्यावृत्ति के कार्य धंधे के रूप में परिणीत हुए हैं, जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। मुख्यमंत्री, गृहमंत्री संज्ञान लें और प्रकाश मुनि नामसाहेब दामाखेड़ा के आश्रम पर हुए हमले पर कड़ी कार्रवाई के साथ रासुका की कार्रवाई की जाए। मांग करने वालों में जीपी चंद्राकर, दीनदयाल वर्मा, जागेश्वर प्रसाद, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, वेगेंद्र सोनवेर, महेंद्र कौशिक, बृजबिहारी साहू, गोवर्धन वर्मा, भुवनलाल पटेल, विमल ताम्रकार, अशोक कश्यप, श्यामूराम सेन, जगदम्बिका साहू, हेमसागर पटेल आदि शामिल थे।

### 15 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार



**छुरा।** क्षेत्र में अवैध गांजा तस्करी शराब व नशीले पदार्थो के अवैध तस्करी को रोकने के लिए जिले के पुलिस कप्तान पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं एसडीओपी गरियांबंद निशा सिन्हा के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक दिलीप मेश्राम थाना प्रभारी थाना छुरा के नेतृत्व में अवैध गांजा परिवहन करते मनोज अरारो उम्र 30 वर्ष ग्वालियर मध्य प्रदेश को पकड़ा गया है। जिनके पास से 15 किलो 778 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी के विरूध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा, एक स्कूटी को जप्त किया गया हैं।

# मतदान केंद्रों में लगेंगे 266 कंपार्टमेंट, इतनी ही चुनाव सामग्री किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिए इस बार 266 मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। इनमें 13 सहायक मतदान केंद्र भी शामिल हैं। इन सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए 266 कंपार्टमेंट लगेंगे, वहीं इतनी ही चुनाव सामग्री किट भी लगेगी। सभी मतदान केंद्रों के पीठासीन अधिकारियों को एक-एक एक्स्ट्रा चुनाव सामग्री किट उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि जरूरत पड़ने पर इस किट का इस्तेमाल किया जा सके।

### वोटर बढ़े, इसलिए मतदान केंद्र सहित कंपार्टमेंट-सामग्री किट भी बढ़ी

रायपुर दक्षिण विधानसभा का चुनाव इससे पहले नवंबर-2023 में हुआ था। उस समय मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 59 हजार 948 थी, जो अब बढ़कर 2 लाख 27 हजार 936 पहुंच गई है। इस तरह क्षेत्र में 10988 नए मतदाता जुड़ चुके हैं, जो उपचुनाव में वोट करेंगे। मतदाताओं की संख्या बढ़ने के कारण मतदान केंद्रों में भी वृद्धि की गई है। पिछले चुनाव में 255 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिनमें 2 सहायक मतदान केंद्र शामिल थे। उपचुनाव में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 266 की गई है, जिसमें 11 सहायक मतदान केंद्र शामिल हैं। मतदान केंद्रों के बढ़ने के कारण कंपार्टमेंट और चुनाव सामग्री किट की संख्या भी बढ़ाई गई है। इस किट में मोमबत्ती, माचिस, स्याही, दस्तावेज से लेकर रबर बैंड, रजिस्टर, मुहर मोम, गम लेई, ब्लेड, सुतली धागा, कार्बन, पेपर, कोरा कागज, धातु की रूल, पेंसिल, बॉल पेन, ग्रीन पेपर सील, स्पेशल टैग सहित तमाम सामग्री रहेगी, जिसकी जरूरत मतदान केंद्रों में पड़ती है।

**रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव में 13 सहायक सहित 266 मतदान केंद्रों में होगा मतदान**

#### मतदान सामग्री का वितरण सेजबहार स्ट्रांग रूम से

उपचुनाव के लिए मतदान केंद्रों में ईवीएम मशीन एवं चुनाव सामग्री के साथ मतदान दलों को रवाना करने की व्यवस्था इस बार सेजबहार स्ट्रांग रूम-मतगणना स्थल से की जा रही है। इसके लिए सेजबहार स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल पर तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर की जा रही हैं।




#### मतदान 13 को, परिणाम 23 को

उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है, जिसके बाद चुनाव मैदान में कुल 30 प्रत्याशी रह गए हैं। मतदान 13 नवंबर को होगा, वहीं मतगणना 23 नवंबर को की जाएगी।

#### ईवीएम मशीनों की टेस्टिंग 4-5 को

उपचुनाव के लिए ईवीएम मशीनों का रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया हो चुकी है। अब मशीनों की टेस्टिंग होगी। इसके लिए हैदराबाद से इंजीनियरों की टीम आएगी। यह टीम 4 एवं 5 नवंबर को ईवीएम मशीनों को टेस्ट करेगी। टेस्टिंग में सही पाई गई मशीनों का चुनाव में उपयोग किया जाएगा।

## पर्व : हर सेक्टर में बरसी लक्ष्मी की कृपा

# नवरात्रि से दीपावली तक राज्य में 12 हजार करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवरात्रि से लेकर दीपावली तक हर सेक्टर पर जमकर मां लक्ष्मी की कृपा बरसी और 12 हजार करोड़ का कारोबार हुआ। सराफा और कपड़ा बाजार में जहां करीब तीन-तीन हजार करोड़ का कारोबार हुआ, वहीं आटोमोबाइल्स सेक्टर ने दो हजार करोड़ की कमाई की। मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स में भी दो हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है।

त्योहारी सीजन का सही मायने में प्रारंभ नवरात्रि से ही होता है। इसके बाद लगातार त्योहार आते हैं। नवरात्रि से लेकर दीवापली तक इस बार प्रदेशभर के बाजार गुलजार रहे और हर सेक्टर में अच्छा कारोबार हुआ है। कारोबारियों के मुताबिक, हर सेक्टर में बीते साल से 20 से 25 फीसदी ज्यादा कारोबार हुआ है।

### सबसे ज्यादा बिका सोना

सराफा बाजार में धनतेरस से पहले सोने की कीमत 80 हजार और चांदी की एक लाख के पार हो गई। सबसे ज्यादा पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर खरीदारी हुई। दो हजार करोड़ का कारोबार इन दो दिनों में ही हो गया। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी के मुताबिक, त्योहारी सीजन में दीपावली तक प्रदेश में तीन हजार करोड़ का कारोबार हुआ है।

**3000** करोड़ का बिका सोना-चांदी

**3000** करोड़ के बिके कपड़े

**2000** करोड़ के बिके वाहन

**2000** करोड़ के बिके मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम

**1000** करोड़ के बिके मकान और प्लाट

**1000** करोड़ का फर्नीचर, बर्तन, मिठाई और पटाखों का कारोबार



### मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स में भी धूम

इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में जमकर खरीदारी हुई है। लोगों ने अपनी पसंद के महंगे मोबाइल से लेकर कम कीमत वाले मोबाइल, एलईडी, कंप्यूटर, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स की जमकर खरीदारी की है। पुष्य नक्षत्र और धनतेरस को मिलाकर 12 से 13 सौ करोड़ का कारोबार हुआ। पूरे त्योहारी सीजन में दीपावली तक दो हजार करोड़ का कारोबार हुआ है। मालवीय रोड व्यापारी संघ के राजेश वासवानी के मुताबिक, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में बीते साल से ज्यादा कारोबार हुआ है।

### 1000 करोड़ के मकान और प्लाट बिके

रीयल एस्टेट में रायपुर के साथ ही भिलाई, दुर्ग, कोरबा, बिलासपुर सहित हर शहर में मकान और प्लाट बिके हैं। बिल्डरों के मुताबिक, मकानों से ज्यादा प्लाट बिके हैं। इस सेक्टर में हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। कपड़ा का कारोबार भी अच्छा हुआ है। पंडरी कपड़ा बाजार एसोसिएशन के संरक्षक चंदर विधानी के मुताबिक, सीजन में करीब तीन हजार करोड़ का कारोबार पूरे छत्तीसगढ़ में रेडीमेड कपड़ों को मिलाकर हुआ है।

### एक लाख से ज्यादा बिके वाहन

ऑटोमोबाइल्स सेक्टर में जमकर बूम रहा। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में त्योहारी सीजन में करीब एक लाख वाहन बिके हैं। पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर ही हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। त्योहारी माह में एक लाख के करीब वाहन बिके हैं। इसमें सबसे ज्यादा 90 हजार के आसपास दोपहिया वाहन बिके हैं। इनकी कीमत ही हजार करोड़ के करीब है। इसी के साथ दस से 12 हजार कारें और अन्य वाहन बिके हैं। इनकी कीमत हजार करोड़ से ज्यादा है। फाडा के छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विवेक गर्ग के मुताबिक, बीते साल से ज्यादा अच्छा कारोबार हुआ है।

## चार दिन छुट्टी के बाद सरकारी दफ्तरों में आज से लौटेगी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लक्ष्मी पूजा, राज्योत्सव के साथ शनिवार और रविवार के अवकाश समेत चार दिन की लंबी छुट्टी के बाद सोमवार से कलेक्टोरेट, नगर निगम, तहसील सहित अन्य सभी सरकारी दफ्तरों में रौनक लौटेगी। दफ्तरों के खुलते ही लोगों के अटके कामकाज भी गति पकड़ेंगे। हालांकि त्योहार के कारण सप्ताह के पहले दिन दफ्तरों में आम लोगों की भीड़ पहुंचने की संभावना कम है, वहीं दूसरी ओर अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति भी कम देखने को मिल सकती है, क्योंकि कई कर्मचारी लगातार 4 दिन की छुट्टी पड़ने के कारण त्योहार मनाने दूसरे जिले या राज्य में रहने वाले अपने सगे-संबंधियों के यहां भी चले जाते हैं, जिनके कल तक वापस नहीं लौटने की स्थिति में मंगलवार से उनके काम पर लौटने की संभावना है। ऐसे में दफ्तरों में भी कामकाज प्रभावित हो सकता है।

- त्योहार के कारण सप्ताह के पहले दिन कम रहेगी भीड़

### उपचुनाव-राज्योत्सव का असर काम पर

जिला प्रशासन एक ओर जहां रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों में जुटा हुआ है, वहीं दूसरी ओर राज्योत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है। इस कारण जिला विभागों के कई अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक की ड्यूटी भी उपचुनाव और राज्योत्सव में लगाई गई है। ऐसे में दफ्तरों के खुलने के बाद भी कई विभागों में सामान्य दिनों की तरह कामकाज होना मुश्किल होगा। कलेक्टोरेट, जिला पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय, नगर निगम प्रशासन, पुलिस प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य कई विभाग हैं, जिनके अधिकारियों के साथ कई कर्मचारियों की ड्यूटी उपचुनाव और राज्योत्सव में लगाई गई है। इस कारण इनमें ज्यादा अधिकारी अपने दफ्तर में ही नहीं बैठ रहे हैं। ऐसे में दफ्तरों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। यह स्थिति 4 दिन के बाद दफ्तर खुलने के बाद भी बनी रहने की संभावना है।


## पटाखे फोड़ते लापरवाही से हादसा, 16 झुलसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दीपावली के उत्साह भरे माहौल में पटाखे फोड़ने के दौरान लापरवाही की वजह से कुछ लोग चेहरा तक झुलसा बैठे। त्योहार के दो दिन के दौरान डीके अस्पताल की बर्न यूनिट में 16 मरीज इलाज कराने पहुंचे। इनमें से 12 को प्राथमिक उपचार और आवश्यक मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी गई, वहीं चार को इलाज के लिए भर्ती करना पड़ा।

- 12 की प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी, 4 भर्ती, कर रहे इलाज

दीपावली पर्व पर पटाखे जलाने के दौरान सावधानी बरतने अपील जारी की गई थी। इसके बावजूद पर्व के उत्साह में लोगों ने लापरवाही बरती और खुद को झुलसा बैठे। डीके अस्पताल के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में ऐसे मरीजों के इलाज के लिए चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई थी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, बीते दो दिन में यहां इलाज के लिए 16 मरीजों को भेजा गया। विभागाध्यक्ष डॉ. दक्षेश साहा ने बताया कि इनमें से 12 मरीज मामूली रूप से झुलसे थे। ज्यादातर लोगों ने



पटाखे से अपना हाथ जला लिया था। इन्हें जरूरत के हिसाब से प्राथमिक उपचार दिया गया और सावधानी बरतने की सलाह देकर छुट्टी दे दी गई। पंद्रह वर्षीय एक बालक को आंबेडकर अस्पताल से रेफर किया गया, जो अनारदाना जलाने के दौरान अपना चेहरा झुलसा लिया था।

### कोई गंभीर मामला सामने नहीं आया

परिजनों ने अस्पताल लाने से पहले राहत देने चेहरे पर टूथपेस्ट लगाई थी, जिसकी वजह से उसे इंफेक्शन हो गया था। इसी तरह दो लोगों के हाथों में बम फट गया था और एक शख्स का पेट झुलस गया था, इन मरीजों को इलाज के लिए भर्ती करना पड़ा है, मगर स्थिति चिंताजनक नहीं है। सरकारी अस्पतालों के अलावा निजी अस्पतालों में भी काफी संख्या लोग पटाखे से झुलसकर इलाज के लिए पहुंचे, मगर इनमें कोई गंभीर मामला सामने नहीं आया।

## शिक्षकों ने परिवार के साथ समूह में किया अनोखा प्रदर्शन

# पूर्व सेवा गणना, वेतन विसंगति दूर करने दीप जलाकर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने राजधानी में दीपावली के मौके पर अनूठा प्रदर्शन किया। पुरानी सेवा गणना और वेतन विसंगति दूर करने की मांग को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने दीप जलाकर संदेश दिया। एलबी संवर्ग के शिक्षकों का कहना है कि मोदी की गारंटी में सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर करने का जिक्र है, पर वादा अब पूरा नहीं किया गया।

छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में पुरानी सेवा गणना, वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नति/पदोन्नति और केंद्र के बराबर देय तिथि से महंगाई भत्ता/एरियर्स को लेकर प्रदेश के शिक्षक अलग-अलग चरणों मे आंदोलन कर रहे हैं। दीपावली के अवसर पर प्रदेश के शिक्षकों ने अनूठा प्रदर्शन किया। एक दीप जलाकर शासन और जनमानस को संदेश दिया कि पूर्व सेवा गणना किए बगैर समस्त संविलियन प्राप्त एलबी संवर्ग के शिक्षकों का भविष्य अंधकारमय है।



### मेहंदी सजाई, रंगोली बनाकर की पूर्व सेवा गणना की मांग

चौक-चौराहे पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही महिला शिक्षकों ने मेहंदी लगाकर पूर्व सेवा गणना करने की मांग की। सुंदर रंगोली में अपनी भावनाओं को उन्होंने रंगबिरंगे रूप में उतारा। प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा गणना की मांग को सरकार व शासन तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचाया।

## ईसाई समुदाय ने कब्र पर मोमबत्ती जलाकर पूर्वजों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कैथोलिक ईसाई समुदाय ने शनिवार शाम कब्रिस्तान में एकत्रित होकर अपने पूर्वजों की याद में मोमबत्ती जलाई और उनकी कब्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पवित्र आत्माओं को धन्यवाद देते हुए उनके अच्छे कामों को याद किया।

आर्च बिशप डॉ. विक्टर हैनरी ठाकुर मुख्य आयोजक के रूप में फादर जॉन जेवियर, फादर मुकर्करा, फादर जोन पूनुर , फादर मणि, फादर टेनिस राज, फादर जोसलिन, फादर रोहित मिंज, धर्म बहनें (सिस्टर्स), प्रचारक व धर्म बिसवासी गणों ने पवित्र मिस्सा बलिदान में हिस्सा लेकर मृतक आत्मा की शांति के विशेष विनती-पूजा की। कब्रों को पहले अच्छी तरह से साफ किया गया। उसके बाद कब्र का रंगरोगन किया गया। कब्र के आसपास पवित्र जल का छिड़काव किया गया। मृतक की पसंद का ख्याल रख कब्रों को खूबसूरत फूलों व मोमबत्ती से सजाया गया।



### नम आंखों से किया याद

समुदाय ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और नम आंखों से उन्हें याद किया। अखिल भारतीय ईसाई समुदाय अधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरविंदर सिंह चड्ढा ने बताया कि पवित्र दिन 2 नवंबर को पूरे विश्व में ईसाई समुदाय के परिवार कब्रस्थान पहुंचकर इस पवित्र पूजन में हिस्सा लेते हुए प्रार्थना की। विशेष विनती प्रार्थना में गुरविंदर सिंह चड्ढा, सचिव निकोलस सिंह, पल्ली सचिव सिलेक्टर एक्का, कमल टांडी, विजय रुण्डा, जार्ज डेनियल वर्गीस, सुनील जोयल, अविनाश नियाल समेत अन्य शामिल हुए।

## बोरियाखुर्द के शाश्वत नगर में 523 परिवारों को राहत

# छह साल बाद अब मिलेगा ईडब्ल्यूएस आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

किराए के मकानों में रहने वाले 523 परिवारों का इंतजार नए साल में खत्म होने वाला है। बोरियाखुर्द के शाश्वत नगर में जिन लोगों ने 6 साल पहले वन और टू-बीएचके स्वतंत्र मकानों की बुकिंग की थी, ऐसे लोगों को मार्च 2025 में मकान का कब्जा देने की तैयारी है। इससे पहले कॉलोनी का निर्माण करने के लिए दो बार एजेंसी बदली गई, तीन बार प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए जिम्मेदारों ने समय दिया, इसके बाद अब नई एजेंसी इसे मार्च में पूरा कर पजेशन देने वाली है।

राजधानी के आउटर इलाके बोरियाखुर्द में शहरी गरीबों को स्वतंत्र मकान देने के लिए 2018 में आरडीए ने प्लानिंग की थी। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद आरडीए ने 2019 में एजेंसी तय करने करते हुए उसे 18 महीने में प्रोजेक्ट को पूरा करने का समय दिया। काम पूरा करना तो दूर, एजेंसी तय समय में नींव तक नहीं डाल पाई।

लिहाजा रायपुर विकास प्राधिकरण के जिम्मेदारों ने कंपनी का टेंडर रद्द करते हुए नई एजेंसी को काम पूरा करने के लिए अगस्त 2023 में जिम्मेदारी देते हुए उसे भी 18 महीने में काम पूरा करने समय दिया। इसके पहले जिन लोगों ने मकान की बुकिंग कराई। बैंक फाइनेंस के बाद 7 से 9 हजार रुपए महीना बैंक लोन दे रहे हैं। इसके बाद भी स्वतंत्र मकान का सपना पूरा नहीं हो पाया है।




### मार्च में पूरा करेंगे प्रोजेक्ट

नई एजेंसी को निर्माण की जिम्मेदारी देते हुए, प्रोजेक्ट को मार्च 2025 में पूरा करने समय दिया है। जिस एजेंसी को पहले काम दिया, उसने निर्माण से इंकार कर दिया। नई एजेंसी काम करके देगी तो मार्च से लोगों को पजेशन दिया जाएगा।

- **अनिल गुप्ता,** अधीक्षण अभियंता, आरडीए, रायपुर

### किराए के मकान से मिलेगी मुक्ति

मकान बुक कराने वाली जरीना बेगम, अशफाक दानी ने बताया कि बैंक लोन लेकर मकान खरीदने का सपना भारी पड़ने लगा है। हर महीने लोन की किस्त और मकान का किराया 12 से 14 हजार होता है। हितग्राही जमालुद्दीन ने बताते हैं कि किराए के मकान से राहत के लिए मकान बुक किया। पहले काम करने वाली एजेंसी ने प्रोजेक्ट को अटकाया, अब नई निर्माण एजेंसी को काम करने के लिए 18 महीने यानी दिसंबर 2024 तक का समय दिया था। इसका अब मार्च 2025 में पजेशन देने का भरोसा दिलाया जा रहा है। इससे किराए के मकान से मुक्ति मिलेगी।

## भूपेश ने सरकार पर साधा निशाना कहा- गोठान समेत सभी योजनाएं बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 1 नवंबर बीत गया, लेकिन सरकार की ओर से एक विज्ञापन भी नहीं आया। साथ ही हम आदिवासी नृत्य शुरू करते थे, इस साल उसका अभी तक कुछ पता नहीं है।

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसे प्रसिद्धि मिली थी और छत्तीसगढ़ का नाम पूरी दुनिया में बड़े सम्मान के साथ लिया जाता था, लेकिन गोठान समेत सभी कार्यक्रमों को बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में कई योजनाएं शुरू की थीं, अब सभी बंद हो गई हैं। वहीं उन्होंने कई मुद्दों को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा, पूरे देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी आज गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाई गई।

छत्तीसगढ़ में हर साल गोपालक गायों को सोहई बांधते हैं, पूजा-पाठ करते हैं और खिचड़ी भी खिलाते हैं। इस परंपरा का निर्वहन आज मैंने रायपुर में किया है। मैं मुख्यमंत्री था तो उस समय इसका आयोजन सीएम आवास में किया जाता था। उन्होंने पीएम मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, हमने छत्तीसगढ़ में सभी वादों को पूरा किया। चाहे वह लोन माफी की बात हो या फिर सिंचाई की बात हो। हमारी सरकार ने 2500 रुपए क्विंटल में धान खरीदने की बात कही थी, जिसे 2800 रुपए तक किया गया था।

## पेज 7 के शेष...

### दिवाली पर सोशल...

सदस्यों ने अपनी मांग सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार व शासन तक पुरजोर तरीके से पहुंचा दिया। वहीं इस प्रदर्शन की अलग-अलग क्षेत्र में व्यापक चर्चा जारी है। की शांतिपूर्वक इस तरीके से भी अपनी बात सरकार और शासन तक पहुंचाया जा सकता है।

### भेण्डरी में गौरा...

किया। गांव में नव दुर्गा बाल समाज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर छोटे-छोटे बच्चों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में लोक गीतों के माध्यम से एकल नृत्य, सामुहिक नृत्य, सुवा नृत्य, राऊत नाचा प्रस्तुत किया गया।

## खबर संक्षेप



### दीपावली मिलन समारोह में विधायक हुए शामिल

**बसना।** नगर के अग्रसेन भवन में शनिवार की शाम दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। और दीपक जलाकर पटाखें फोड़कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने समारोह में मौजूद नागरिकों का अभिवादन किया और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के सुख-समृद्धि और खुशहाल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दीपावली अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का प्रतीक है, और यह पर्व हमारे जीवन में नई आशा और उन्नति का संचार करता है।

### बहनों ने उतारी भाइयों की आरती, माथे पर लगाया मंगल टीका



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में रविवार को भाई बहन के प्यार एवं रक्षा का पर्व भैया दूज पर्व धूमधाम से मनाया। सुबह से ही बहन भाई के लंबी उम्र की कामना के लिए पूजा अर्चना करते नजर आई। बहनों ने भाई के माथे पर चंदन लगाते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। परंपरा के अनुसार एक दूसरे को उपहार सामग्री प्रदान किया। क्षेत्र में भाईदूज को लेकर सुबह से उत्सव का माहौल रहा। घरों के आंगन में भाई बहन की घर आने जाने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इसके पश्चात दोपहर तक बहनों की भाई के घर आना जारी रहा।

### बिरकोनी में बालिकाओं ने बनाई आकर्षक रंगोली



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी सहित अंचल में कृष्ण पूजा उत्सव घर व मंदिर में संपन्न हुआ। वही आंगन में कार्तिक शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को धन वैभव, समृद्धि के लिए गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में कृष्णा व राम की रंगोली की छवि बनाकर गोवर्धन पर्वत की पूजा अर्चना की और धन वैभव समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। जगह-जगह श्रीराम की छवि को रंगों के माध्यम से उकेरा गया।

## निधन

### नकछेड़ाराम ध्रुर्वा



**मैनपुर।** ग्राम भाठीगढ़ निवासी नकछेड़ाराम ध्रुर्वा 85 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिक संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)
/ / उद्घोषणा / /
रा.प्र.क्र./201807220700021/अ-59/ वर्ष 2017-18

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेशराम पिता कुंवरदेव निवासी ग्राम मुड़गांव रा.नि.मं. खड़मा तहसील छुरा जिला गरियाबंद द्वारा ग्राम मुड़गांव प.ह.नं. 04 में स्थित भूमि खसरा नम्बर 207 रकबा 0.16 हे. भूमि के भाग 0.04 हे. भूमि पर विद्युत विभाग द्वारा सब स्टेशन बना लिया गया है। उक्त भूमि के बदले में शासकीय भूमि खसरा नम्बर 491 के भाग रकबा 0.04 हे. भूमि को तबादला करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये है। प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ न्यायालय कलेक्टर गरियाबंद से न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) छुरा द्वारा प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 13.11.2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/ आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
छुरा (छ.ग.)

**पर्व : कोपरा में धूमधाम से हुई गोवर्धन पूजा, नगर के हजारों लोग हुए शामिल**

# गोबर से बनाई गोवर्धन पर्वत की आकृति पारंपरिक वेशभूषा में ग्वालों ने किया नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

नगर पंचायत कोपरा सहाड़ा चौंक में गोवर्धन पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। यादव समाज के द्वारा आयोजित गोवर्धन पूजा में नगर के हजारों लोग शामिल हुए। गोवर्धन पूजा के पश्चात मौजूद सभी लोगों ने एक दूसरे के माथे पर गोबर टिका लगाकर एक दूसरे को दीपावली त्यौहार की बधाई दी।

आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को गोवर्धन पूजन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गोवंश को रंगों और मोर पंख से श्रृंगारित कर पूजन किया गया। महिलाओं ने अपने घरों के बाहर गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत के चित्र बनाए। ब्रजवासियों की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी दिव्य शक्ति से विशाल गोवर्धन पर्वत को छोटी अंगुली में उठाकर हजारों जीव-जतुंओं और इंसानी जिंदगियों को भगवान इंद्र के कोप से बचाया था। डोमेश्वर यादव राजेश यादव दशरथ यादव लक्ष्मण यादव भीम यादव कमलेश यादव ने कहा कि गोवर्धन की पूजा इसलिए की जाती है देवराज इंद्र का घमंड तोड़ने के लिए श्रीकृष्ण ने इंद्र की पूजा करने की बजाय गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। जब इंद्र को इस बात का पता चला तो उन्होंने पूरे गोकुल गांव को नष्ट करने व कृष्ण को अपनी शक्तियों का परिचय देने के लिए भारी बारिश करा दी। गांव में हाहाकार मच गया था तब इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन अपनी ऊँगली अपने भक्तों की रक्षा करने के लिए उठाया था।





### पूजन द्वापर युग की घटना से जुड़ा

राजेश यादव दशरथ यादव ने बताया कि यह पूजन द्वापर युग की घटना से जुड़ा है। जब बृजवासी कृष्ण की पूजा करते थे, तो इंद्र ने कोप किया कि ये बृजवासी कृष्ण की पूजा क्यों करते हैं, मेरी क्यों नहीं करते। जिसके बाद इंद्र ने पूरे बृज में तूफान और बरसात कर दी। जिससे पूरे बृज में पानी ही पानी हो गया और बृजवासी और ब्रजवासियों का पशुधन डूबने लगा तब ब्रजवासी कृष्ण के पास गए तो कृष्ण ने सभी को गोवर्धन पर्वत के पास ले जाकर अपनी तर्जनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाया और उसके नीचे सभी ब्रजवासियों को ले जाकर बचाया। जिसके बाद से ही सभी बृजवासी गोवर्धन पर्वत की पूजा करने लगे और उसके बाद सभी लोग प्रतीक के रूप में गोबर का गोवर्धन बनाकर उसकी विधि-विधान से पूजा करते हैं।

### विधि-विधान से की गई गोवर्धन पूजा

शनिवार को कोपरा के मंदिरों एवं घर-घर में गाय के गोबर से भगवान गोवर्धन की आकृति बनाकर गोवर्धन पूजा का आयोजन विधि-विधान पूर्वक किया गया। दीपावली के बाद अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है, लेकिन इस बार दीपावली के अगले दिन अमावस होने के चलते गोवर्धन पूजा नहीं हो सकी और आज शनिवार को गोवर्धन पूजा का आयोजन हुआ है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस त्योहार का भारतीय लोक जीवन में बहुत महत्व है, इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा संबंध दिखाई देता है। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। गोवर्धन पूजा में गौधन अर्थात गायों की पूजा की जाती है।

## क्षेत्र में धूमधाम से मनाया दीपों का महापर्व, घर में पूजा के बाद पहुंचे मंदिर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

धन की देवी मां लक्ष्मी की आस्था में घर-आंगन भी रंगीन लाइटों से रोशन हुए। लोगों ने लक्ष्मी का स्वागत दीपों की श्रृंखला सजाते हुए की। इसके बाद लोग आस-पास के मंदिरों और मठों में आस्था का दीप जलाने पहुंचे। ईशर-गौरा का विवाह रचाने के लिए भक्तों ने रतजगा किया। सुख-समृद्धि के लिए जगह-जगह अन्नकूट पूजा की गई। इसके बाद नम आंखों से विदाई देते हुए माता गौरी से आशीष लेने महिलाएं दंडवत हुई। दीपोत्सव की धूम इस बार भी अंचल में रही। जहां भक्तों ने जाराध्य देव के दरबार में दीयों की श्रृंखला सजाई, वहीं उत्सव की घड़ी में पटाखों की गूंज रही। इससे पहले मंदिर को रंगीब लाइटों से सजाया गया था। मंदिर में इस बार भी भक्तों की भीड़ रही। कुछ इसी तरह का नजारा मां घंटेश्वरी मंदिर, दुर्गा मंदिर, गायत्री मंदिर के साथ सभी मंदिरों में देखने को मिली। श्रीश्याम खाटू मंदिर अर्जुंडा में भी भक्त आस्था के दीप जलाने के लिए परिवार के साथ पहुंचे। हर साल की तरह भाईदूज को लेकर बहनों ने पौराणिक मान्यता है कि बहन यमुना ने इस दिन अपने भाई यमराज की लंबी आयु के लिए व्रत किया था और उन्हें अन्नकूट का भोजन खिलाया था।

# टोकरो में मना राज्य स्थापना दिवस व मातर मड़ई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम टोकरो में शासकीय व अशासकीय कर्मचारियों व ग्रामवासियों के सहयोग से मातर उत्सव को छत्तीसगढ़ी परंपरा अनुसार काफी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम टोकरों के सरपंच व पंच तथा गणमान्य अतिथियों के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी और सरस्वती माता के पूजन से हुआ। मातर समिति के सदस्य स्वर्गीय भोजराम कुर्रे को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया तत्पश्चात सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान व गांव के स्कूलों के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रतिभावान छात्रों का प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, श्रीफल व नगद राशि से सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे ग्राम वासियों के द्वारा दीपदान कर छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारा और राज्य गीत के साथ स्थापना दिवस मनाया गया।राऊत नाचा और अखाड़ा के बाद रात्रिकालीन कार्यक्रम में राग रागिनी सुवा व जगराता देवरी महासमुंद के मनमोहक कार्यक्रम में सुवा नृत्य, राऊत नाचा, बारामासी तीज त्योहार ग्राम वासियों को बहुत ही अच्छा लगा।





## आंगन में बनाई आकर्षक रंगोली



**मैनपुर।** भाई दूज के अवसर पर रविवार को ग्राम हरदीभाठा निवासी कुमारी ज्योति शर्मा ने अपने घर के आंगन में आकर्षक रंगोली बनाई।



# गौरा-गौरी की निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम बोड़की में गौरी-गौरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गौरा-गौरी की स्थापना के भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालु तलाब तक शामिल हुए। जिसमें ज्यादा महिलाएं व युवती थी। सरपंच बोड़की रामजी साहू, उपसरपंच नेतराम सिन्हा, वेदराम साहू श्रद्धालुओ ने कहा की गौरा गौरी का अर्थ शंकर-पार्वती से है।


## राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला ने बच्चों के साथ मनाई दिवाली

**राजिम।** राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बच्चों के साथ दीपावली पर्व मनाया। श्री साहू ने मिठाई के साथ फुलझड़ी, सुरसुरी, चकरी, अनार दाना एवं चुटचुटिया फटाका देकर बच्चों के उत्साह को बढ़ाया। इस अवसर पर साहू समाज राजिम भक्ति माता समिति के कोषाध्यक्ष भोले साहू, महामंत्री रामकुमार साहू, घनश्याम साहू, विष्णु साहू, राजू साहू,भरत धीवर, जुगन कुलदीप ,बंधु साहू ,हृदयांश साहू, कोविद साहू ,प्रणति साहू ,दुआ साहू मौजूद थे। बता दें कि श्री साहू बच्चों के साथ वर्षों से दीपावली का पर्व मनाते आ रहे हैं।



Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

# उत्साह के साथ मनाया गया भाई दूज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

भाई-बहन के प्यार का प्रतीक भाई दूज का त्योहार ग्राम छुईहा में बहनों ने उत्साह व उमंग के साथ मनाया। शुभ मूहुर्त में त्योहार मनाने सुबह से ही बहनें सज-धज कर तैयार हो गईं। कुछ महिलाएं रक्षा बंधन की तर्ज पर अपने भाई संग यह त्योहार मनाने मायके पहुंचे और भाईयों का तिलक कर आरती उतारी और खीर से मुंह मीठा कराया। इस पर्व में दीक्षा, दिव्या, ज्योति, शिखा, मोनिका, प्रिंसीं, परी, कनक, रजुला, चंचल चांदनी, गीता, भानु अपने भाई के लिए मंगल जीवन व दीर्घायु होने की मनोकामना मांगी। वहीं कमलनारायण वैभव, ईशु, चन्द्रशेखर, ओम नारायण, राजा, हर्षवर्धन, प्रशांन्त, प्रभात दीपक, राघव यूगल, आयूश होरी लाल सिन्हा, ललीत गजेन्द्र, भाईयों ने अपने बहनों का रक्षा का संकल्प लेकर उनको उपहार व नगद राशि देकर अपने भाई- बहन के प्यार को प्रगाढ़ बनाया।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भतकुंदा में विधायक ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन

**सांकरा।** बसना विधानसभा के ग्राम भतकुंदा घुरवा घर से मुख्य सड़क तक 10 लाख रुपए लागत से बने वाले 272 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य का बसना विधानसभा के विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने विधिवत पूजा अर्चन कर भूमिपूजन किया और रंगमंच निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रुपए की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अग्रवाल ने कहा कि सीसी रोड का निर्माण होने से सभी नागरिकों को आने जाने में सुविधा मिलेगी एवं रंगमंच बनने से अनेक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दौरान सभी ग्रामवासियों को विधायक ने दिवाली एवं गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, ग्राम पंचायत भतकुंदा सरपंच, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, अरविंद मिश्रा, जनपद सभापति सोहन पटेल, मरार समाज के प्रमुख प्रहलाद पटेल, भाजपा मंडल पिरदा के महामंत्री राजकुमार पटेल, त्रिलोचन भोई, संजय भाई, शोभाराम टांडी, विमला बेहरा, अश्विनी प्रधान, दिव्य कुमार भोई, गोपाल गढ़तिया, संपत पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### खरोरा में मनाया अन्नकूट उत्सव



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को अन्नकूट उत्सव मनाया गया। इस बार यह शुभ तिथि 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा अर्चना की गई। जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की प्रतिमा बनाकर वृक्ष के पत्ते, शाखाएं और पुष्प से सुशोभित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है। शाम को उसमें एक दीपक रखकर घर के द्वार पर रखा जाता है, इस गोवर्धन पर लोगों ने गोबर के टीका लगाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

### नवमीं व दसवीं की चेक लिस्ट का वितरण शुरू

**महासमुंद।** हाई स्कूल/हायर सेकंडरी द्वितीय मुख्य परीक्षा 2024 के अंकसूची एवं शैक्षणिक सत्र 2024-25 के कक्षा 9वीं व 10वीं के चेक लिस्ट का वितरण समन्वय संस्था स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में 25 अक्टूबर 2024 से किया जा रहा है। संबंधित विद्यालय के प्राचार्य/ शिक्षक विद्यालय में आकर अपनी संस्था का अंकसूची व चेक लिस्ट प्राप्त कर सकते हैं।

### प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा आज से

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने जानकारी दी की स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति 2024 के तहत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा की समय सारणी घोषित कर दी गई है। बीए, बीकॉम, बीएससी प्रथम सेमेस्टर के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया है उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप में भी समय सारणी एवं पाठ्यक्रम की जानकारी प्रदान कर दी गई है। महाविद्यालय द्वारा घोषित आंतरिक मूल्यांकन समय सारणी के अनुसार बीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 4 नवंबर से 9 नवंबर तक, बीएससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 5 नवंबर से 9 नवंबर तक एवं बी कॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 5 नवंबर से 11 नवंबर तक आयोजित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संयोजक डॉ. ईपी चेलक एवं सहसंयोजक डॉ. रीता पांडेय ने बताया कि प्राइवेट विद्यार्थियों को प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। आंतरिक मूल्यांकन एवं असाइनमेंट के अंक मुख्य परीक्षा के प्राप्तांक में जोड़े जाएंगे।

### पर्व : फूलझड़ी जलाकर उल्लासपूर्वक मनाया गया दीपावली का त्योहार

# श्री कृष्ण और सहाड़ादेव की पूजा कर गांव की सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

दीपो और प्रकाश का पर्व दीपावली रसेला सहित अंचल भर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। धनतेरस से शुरू हुआ यह त्योहार भाई दूज के साथ समापन हुआ। शुक्रवार को घरों और अपने-अपने प्रतिष्ठानों में लक्ष्मी पूजन कर धन ऐश्वर्य और सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद पटाखे फूलझड़ी जलाकर दीपावली का त्योहार उल्लास पूर्वक मनाया गया। इसी रात छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गौरा गौरी सुरहुती त्यौहार मनाया गया। इस मौके पर मिट्टी के बने गौरा- गौरी जिन्हें शिव पार्वती का प्रतीक माना जाता है उन्हें धूम धाम और बाजे- गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें घर- घर से सिर पर कलश के साथ बालिकाएं सम्मिलित हुई। रात में शिव पार्वती की बारात निकल कर धूम धड़ाके से आतिशबाजी की नाचते गाते त्योहार मनाया। गौरा गौरी पूजा के अवसर पर भक्तों ने अपने हाथों पर सोटा खाने का आनंद लिया। मान्यता है कि सोटा से मार खाने के बाद सभी तरह के दुख और परेशानियां दूर हो जाती है। दिपावली के दूसरे दिन गौरी गौरा का विसर्जन में बड़ी संख्या में ग्रामीण बंधु, माताएं व बहने सम्मिलित हुए और धूमधाम के साथ गौरी गौरा का विसर्जन तालाब में किया गया। शनिवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर यादव भाइयों द्वारा नाचते, दोहा गाते हुए घर -घर जाकर गौ माता को सोहई पहनाया गया। घर में खिचड़ी खिलाने के पश्चात सभी ग्रामीण शाम को सहाड़ादेव स्थल में अन्नकूट महोत्सव मनाने के लिए एकत्रित हुए और श्री कृष्ण जी और सहाड़ादेव की पूजा अर्चना कर गांव की सुख समृद्धि की कामना की। गोवर्धन पूजा के अवसर पर सुआनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम शामिल हुए।





#### धरती के श्रृंगार कार्यक्रम की रही धूम

वहीं इस अवसर पर ग्राम मेड़कीडबरी में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम सांस्कृतिक विभाग छत्तीसगढ़ विधायक बिन्द्रानवागढ़ जनक ध्रुव के सौजन्य से धरती के श्रृंगार का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम वासियों सहित क्षेत्र के लोग इस आयोजन में बड़ी संख्या में मौजूद रहे। रविवार को भाई दूज के साथ मातर महोत्सव धूम धाम के साथ मनाया गया। इसी प्रकार दादरगांव, कनसीघी, सेम्हरा, टेंगनाबासा, रावनाभाटा, रुवाड़, कुंडेरादादर, मेडकीडबरी आदि गांवों में दीपावली पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।

#### सुआ नृत्य प्रतियोगिता में धरमबाधा की टीम प्रथम

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच बिगेंद्र ठाकुर, विशेष अतिथि के रूप उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, महामंत्री चिराग अली, नीलकंठ ठाकुर, भावसिंह मरकाम, संतराम ठाकुर आदि अतिथिगण मंच पर विराजमान थे। सुआ नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5000 रुपए धरमबाधा की सुआ टीम को, द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपए लिटिपारा की टीम को, तृतीय पुरस्कार 2000 रुपए गोलडबाय की टीम को, चतुर्थ पुरस्कार 1000 रुपए मेडकीडबरी की टीम और पंचम पुरस्कार 700 रुपए ओमकुमारी ग्रुप रसेला को दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहाड़ादेव समिति का विशेष योगदान रहा।



## दीपावली में सोटा मरवाने की है परंपरा, दुख-दर्द होता है समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



दीपावली में सोटा मरवाने की परंपरा है। ये परंपरा सदियो से चला आ रहा है। सोटा मरवाने से दुख दर्द समाप्त होता है ऐसा श्रद्धा और विश्वास है। लक्ष्मी पूजा की रात गौरा-गौरी की धूमधाम से पूजा की जाती है। जिसमें ग्रामीण बड़ी संख्या में रतजगा करते है। इस बार युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन न केवल पूजा में शामिल हुए बल्कि क्षेत्रवासियों की खुशहाली और सुख समृद्धि की मंगल कामना लिए बैगा से सोटा भी मरवाया। शहर में गौरा-गौरी की शोभायात्रा निकालकर विसर्जन किया गया। श्री देवांगन ने कहा कि हमारी गौरवशाली परंपरा तथा छत्तीसगढ़ी संस्कृति को संरक्षित रखने में जनजातीय समाज का उल्लेखनीय योगदान रहा है। गौरा-गौरी विवाह पर्व भी उनमें से एक है। इस पर्व के माध्यम से गोड़ समाज, भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती की पूजा-अर्चना कर गांव की सुख समृद्धि के लिए कामना करते है जो सराहनीय और वंदनीय है। कहा कि गौरा-गौरी विसर्जन यात्रा के दौरान आशीर्वाद और सोंटा लेकर खुद को धन्य करने का मुझे सुअवसर मिला। भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती से प्रार्थना है कि, न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि समूचे विश्व के जीवों पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें।

## श्रद्धा एवं समर्पण का पर्व है गोवर्धन पूजा : बजाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा के अवसर पर विधिवत पूजा अर्चना करके गायों को खिचड़ी खिलाई। उन्होंने कहा कि यह गौवंश के प्रति श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का पर्व है। श्री बजाज ने कहा कि सनातन धर्म में प्रत्येक पर्व के पीछे प्रकृति के प्रति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य होता है। उन्होंने अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा की बधाई देते हुए लोगों से इस पावन पर्व को शांति व सदभाव से मनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर गायों को सोहई बांधकर यादव समाज ने परंपरा का निर्वाह किया।

## बहनों ने भाइयों का तिलक लगाकर उतारी आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

दीपावली में पांच दिवसीय त्योहार के बीच रविवार को भाई-बहन के अटूट स्नेह का पर्व भाई दूज धूमधाम से मनाया गया। भाई अपने बहनों के यहां पूजा कराने पूरा दिन पहुंचते रहे। बहनों ने भाई का तिलक लगाकर आरती कर पूजा किया।







## बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर भाइयों से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर सहित आसपास के गांव में रविवार को भाई दूज मनाया गया। अपने भाइयों को तिलक लगाकर, आरती उतारी और उनके हाथों पर रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा का आशीर्वाद लिया एवं उन्होंने उनके स्वस्थ लंबी , दीर्घायु जीवन की कामना के आशीर्वाद दिए। नगर में के बहनों ने आसपास अपने भाइयों के यहां पहुंचकर रक्षा सूत्र बांध कर मिठाई खिलाई।



#### धूमधाम से मनाया गया भाई दूज

**पाटिसिवनी (पिपरहट्ठा)।** नवापारा (भैरा) में दीपोत्सव के आखिरी दिन रविवार को दिनभर भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने भाइयों की लंबी आयु, अच्छी सेहत, सुख-समृद्धि और अच्छे भाग्य की कामना करते हुए उनको तिलक लगाकर आरती की और मुंह मीठा कराया। वहीं भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार भेंटकर भाई-बहन के रिश्ते को अटूट बनाए रखा।



#### धूमधाम से मनाया गया भाईदूज का पर्व

**बसना।** आज देशभर में भाईदूज या यम द्वितिया का पर्व मनाया गया। इस दिन सौभाग्य योग, शोभन योग, लक्ष्मी नारायण योग समेत कई शुभ योग बनने से इस पर्व का महत्व भी बढ़ गया है। भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक इस पर्व का बहनें पूरे साल इंतजार करती हैं और भाई को तिलक लगाती हैं। बहनें निर्जला उपवास रहकर भाई की लंबी उम्र और तरक्की की कामना करती हैं।

## बहनों ने भाई के माथे पर तिलक लगाकर दीर्घायु की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

भाई बहन के स्नेह का पर्व भाई दूज मैनपुर क्षेत्र में आस्था और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। बहनों ने अपने भाई के माथे पर तिलक कर उनके हाथ में रक्षा सूत्र बांधा उन्हें विविध प्रकार के व्यंजन खिलाएं भाइयों ने भी अपनी बहनों को अनेक प्रकार के उपहार दिए दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि यह पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की दूज तिथि को मनाया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार यमराज को उनकी बहन यमुना बार-बार अपने घर बुलाया करती थी लेकिन यमराज अपने यमलोक के कार्यों में व्यस्तता के कारण नहीं जा पाए थे। एक दिन अचानक कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को यमराज अपनी बहन यमुना के घर पहुंचे। यमुना अपने सहोदर भाई को देखकर अत्यंत प्रसन्न हुई और उन्हें विविध प्रकार के व्यंजन बनाकर खिलाई उनके माथे पर तिलक किया हाथ में रक्षा सूत्र बांधा। मान्यता है कि जो भाई इस दिन अपनी बहन के घर जाकर भोजन करेगा बहन उसे तिलक करेगी उसके माथे उसके हाथ पर रक्षा सूत्र बंधेगी। वह भाई दीर्घायु होगा और यमका भय उसे नहीं रहेगा तब से भाई दूज का यह पर्व मनाया जाने लगा।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाईदूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नगर सहित अंचल में भाईदूज का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की आरती पूजा कर उनके जीवन के दीर्घायु होने की कामना करते हुए उन्हे अपने हाथों से मिष्ठान खिलाया वहीं पर भाईयों ने बहनों को गिफ्ट प्रदान की। 3 नवंबर को भाईदूज के दिन भाईयों ने बहनों के घर पहुंचकर अपनी बहन के साथ-साथ अपने भांजा भांजी एवं अपने जीजा से मुलाकात की। चरण वंदन के पश्चात सभी आसीत हुए। अपने मामा को देखकर भांजा भांजी भी खुश हुए परिवारिक रिश्तों में हर्ष का माहौल रहा।



## बकली में गोवर्धन पूजा की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

बकली में दीपावली पर्व पर धूमधाम से मनाया गया। 56 प्रकार के भोग से अन्नकूट पूजा और गायों को खिचड़ी खिलाया गया। किसानों की भीड़ दीपावली की रात में साहाड़ादेव में थी। यहां गोवर्धन पूजा कर एक-दूसरे के मस्तक पर गोबर का टीका लगाकर पर्व की बधाई दिए।





### सेंदर गौठान में मातर महोत्सव धूमधाम से मनाई गई

# सांस्कृतिक एकता का पर्व है दीपावली : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ग्राम सेंदर में मातर महोत्सव के तहत गौठान में दीपावली मिलन कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। वहीं मातर कार्यक्रम के तहत सुबह देव पूजन एवं गौठान में गौ माता को रक्षा व श्रृंगार का प्रतीक सोहाई बांधे गए। खुड़हूड़ के मुख्य बैरक कंन्दाईल मड़ाई उनके सहायक बैरक का शौर्य प्रदर्शन किया गया। इसके बाद सभी उपस्थित लोगों को खीर प्रसादी वितरण किया गया। तथा टिकम पटेल कृत मुख्य गायिका रूपा नागवंसी, डाली क्षेत्र सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक संध्या जगराता सांस्कृतिक मंच रखा गया था, जिसकी मधुर स्वर गीतों और लय बद्ध संगीत ने धूम मचाया जो सबका मन मोह लिया। उक्त कार्यक्रम के मुख्यातिथि रूपसिंग साहू सामाजिक कार्यकर्ता भाजपा नेता, टिकेश्वर साहू सरपंच सेंदर, महेश कुंजाम पूर्व जनपद सदस्य, रामाधार साहू पूर्व सरपंच सेंदर, सरपंच रोबा मंगलू साहू, रामू राम साहू अध्यक्ष विद्या मंदिर, सुखचंद घृतलहरे, ओम पप्रकाश साहू सरपंच चरभट्ठी, मोतीलाल निशाद पूर्व सरपंच बिजली, भाजपा मंडल महामंत्री पमरन साहू, तुलेश्वर घृतलहरे, जनक साहू अध्यक्ष हाई स्कूल, मंच संचालक नामदास घृतलहरे मंचासिन थे। मुख्यातिथि समाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू ने कहा की हमारे छत्तीसगढ़ीया त्यौहारों की विशेषता यह है कि यह सामाजिक एकता के अनुपम आदर्श प्रतिक है। इसी भाव के साथ प्राचीन काल से यह पांच दिवसीय पर्व हम सभी मनाते चले आ रहे हैं। वर्तमान में पर्वों का यह शाश्वत भाव आज मातर महोत्सव सेंदर मे दीपावली के त्यौहार का ऐसा ही स्वरुप दिखाई दे रहा है। सेंदर की इस मिलन कार्यक्रम भी दीपावली को सार्थकता प्रदान कर रहे हैं। आधुनिक वातावरण में भी दीपावली पर्व अपनी विविध परंपराओं को जीवंत बनाए हुए है। यही विविधता में हम सबको एकता का आदर्श की राह दिखाती है। अध्यक्षता कर रहे पूर्व जनपद सदस्य महेश कुजांम वर्ष का सबसे बड़ा त्योहार दिवाली का अलग ही महत्व है। वैसे प्रत्येक पर्व प्रकृति और संस्कृति से गहरा सामंजस्य रखते हैं। विशिष्ट अतिथि सरपंच सेंदर टिकेश्वर साहू, पूर्व सरपंच रामाधार साहू ने कहा की सांस्कृतिक पक्ष को मजबूत करने वाले इन दिपावली मातर त्यौहार की मानवीय जीवन में भी खास अहमियत है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि हमारे पूर्वजों ने भी यह माना है कि प्रकृति पूज्य है, जीवन दायिनी है। हमारी प्रकृति ही हमारी संस्कृति है। इसलिए हमारे सांस्कृतिक त्यौहार भी प्रकृति प्रदत्त हैं। इस मौके पर धनश्याम सिन्हा, गोपाल सोनवानी, योगेश्वर भुनेश्वर, चन्द्रिका साहू, घासी साहू, भुखन वर्मा, तुलस वर्मा, राजकुमार सतनामी, योगेश देवांगन उपस्थित थे।



